**Patrika (Indore), 28th September 2025, Front Page – plus 01 (P- 13)**

**तृतीय चरण** | **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा से वर्चुअली रखी आधारशिला**

# 624 करोड़ से होगा आइआइटी इंदौर का विस्तार

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

इंदौर. तृतीय चरण के आधारभूत संरचना विकास के अंतर्गत 624.57 करोड़ में आइआइटी इंदौर का विस्तार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली इसकी आधारशिला रखी। अब अत्याधुनिक शैक्षणिक भवनों, आवासीय सुविधाओं और सामान्य एवं उपयोगिता सेवाओं के निर्माण के साथ उन्नत उपकरणों की खरीदी की जाएगी। कार्यक्रम में



ओडिशा के राज्यपाल कंभमपति हरि बाबू एवं मुख्यमंत्री मोहनचरण मांझी मौजूद थे।

आइआइटी में क्षमता विस्तार आधारभूत संरचना परियोजनाओं का शिलान्यास समारोह हुआ। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रधानमंत्री वर्चुअली जुड़े। जल संसाधन विभाग के कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट मुख्यमंत्री की ओर से मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए इंदौर के समारोह में शामिल हुए। उच्चतर शिक्षा वित्त पोषण एजेंसी के माध्यम से स्वीकृत तृतीय चरण में शैक्षणिक पॉड, व्याख्यान कक्ष परिसर, औद्योगिक अनुसंधान पार्क, डिजाइन विभाग, आवासीय परिसर, छात्र गतिविधि केंद्र और आगंतुक छात्रावास निर्माण किया जाना है। मंत्री सिलावट ने कहा कि यह मप्र के लिए गर्व की बात है कि आइआइटी इंदौर दूरदर्शी परियोजनाओं के साथ क्षमता विस्तार कर रहा है। नर्मदा बेसिन की 1000 किलोमीटर से अधिक लंबाई के मानचित्रण और परिसर में जल संरक्षण के लिए आइआइटी ने सराहनीय कार्य किया है। आइआइटी में सिंहस्थ महापर्व 2028 के लिए कान्ह और गंभीर नदी के पुनरुद्धार के लिए भी कार्य किया जा रहा है। संस्थान ने अपने परिसर में वर्षा जल संचयन, वन्य जीवन को बचाने और जैव विविधता में सुधार के लिए 9 जल संरक्षण इकाई विकसित की हैं।